❀ ओ३म् तत्सत् ❀

SAHAJ MARGA

सहज मार्ग

वर्ष ४ — अंक ३

Year 4 — Numbor 3

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर (उ० प्र०)

(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission
Shahjahanpur. U. P. (India)

सम्पादक मण्डल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) — एक अंक का १)

प्रकाशक श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट
शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश (भारतवर्ष)

विषय सूची:—

विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादकीय—कृपा		२
३—अध्यात्म (क्रमागत) समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी फतेहगढ़		६
४—सहज मार्ग की शिक्षण पद्धति	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	११
५—हवा से लाभ	काशी राम अग्रवाल	१४
६—अनन्त यात्रा (क्रमागत)		१७
७—ध्येय और प्रतीक	श्री रघुनन्दन प्रसाद 'इन्द्र' एडवोकेट	२१
८—भजन	गुरू नानक	२६
९—सुबह का भूला शाम को आ जाये तो ?	कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी	२७
10-Guru Sandesh (Master's Message)	Shri Ram Chandra Ji, President S.R.C.M.	33
11-Misunderstandings about Yoga III Ashtanga Yoga	Shri Ishwar Sahai	46
12-Talks on Shri Babu Ji's Commentary on the Ten Commandments of Sahaj Marga	Dr. K.C.Varadachari	52
13-The Problem Confronting Man Today	Shri Raghavendra Rao	57
14-A Test for a true seeker of knowledge Opening Legend of Kathopanishad		63
15-सहज साधना	—from Bhagawad Gita	64

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो ।)

वर्ष ४ | अश्विन शाकाब्द १८८२, सं० २०१८विक्रमी | अङ्क ३

Year 4 | September–October 1960 | No. 3

★ प्रार्थना ★

हे नाथ, तू ही मनुष्य–जीवन का ध्येय है ।

हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं ।

तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है ।

बिना तेरी सहायता तेरी, प्राप्ति असम्भव है ।

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

सम्पादकीयः-

कृपा

साधना में 'अभ्यास' और 'कृपा' अनिवार्यतः एक दूसरे के पूरक हैं। किसी भी कार्य की सिद्धि सम्पूर्णतः कर्ता के प्रयत्न का परिणाम नहीं होती। इच्छित फल की प्राप्ति तो दूर की बात है, स्वयं प्रयत्न की सम्भावना के लिये एक ऐसे माध्यम(*Medium*) की अपेक्षा होती है, जो कर्ता द्वारा नियन्त्रण की वस्तु नहीं। पक्षी की उड़ान वायु के अभाव में सम्भव नहीं, अन्तरिक्ष यात्रा के लिए एक व्यापक भौतिक शक्ति और व्यवस्था की अपेक्षा है, विबोध(*Reason*) किसी भी उद्देश्यपूर्ण मानवीय व्यवहार की आधार भूत स्वयं सिद्धि (*Basic axiom*) है। कर्ता तो मूल शक्ति का संयोजक मात्र होता है, बल्कि उसकी यह संयोजन-क्षमता भी एक व्यापक मूल व्यवस्था के आश्रित होती है। उस व्यापक मूल शक्तिकी व्यवस्था के साथ समायुक्त (*In-tuned*) व्यवहार सफल प्रयत्न कहलाता है; ऐसे प्रयत्न को उपर्युक्त व्यवस्था स्वय परिपूर्णता प्रदान करती है। कर्ता का कर्तृत्व-अभिमान तो उस की सीमित दृष्टि की देन है, जो निमित्त-कारण (*Instrumental Cause*) को सम्पूर्ण कारण (*whole cause*) के रूप में प्रस्तुत करती है। इस वास्तविकता का निरूपण गीता में स्पष्ट रूप से हुआ है:—

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः।
अहंकार विमूढ़ात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥

(कर्म तो प्रकृति के गुणों से सम्पूर्णतः किये हुए हैं। अंहकार से विमोहित आत्मा यह मानता है, कि 'मैं' करने वाला हूँ।)

कुछ और आगे गीता में सम्पूर्ण कारण' का विश्लेषण पाँच अंगों में किया गया है : (*i*) अधिष्ठान (*Basic order*) (*ii*) कर्ता

(*Agent*), (*iii*) अनेक प्रकार के करण या साधन (*Instruments*) (*iv*) अनेक चेष्टायें (*Activities*), और (*v*) दैव (*Destiny*). पाश्चात्य तर्क शास्त्र और विज्ञान इस विश्लेषण से बहुत कुछ सहमत होंगे, उन्हें आक्षेप केवल पाँचवें अंग 'दैव' के प्रत्यय के विषय में होगा।

'दैव' (*Destiny*) के प्रत्यय में दो तत्व हैं—(*a*) पूर्व-निर्धारित बाध्यता (*Pre-arranged Determinism*); और (*b*) निर्बाध अनिश्चितता (*Whimsical Indeterminism*)–जो परस्पर व्याघातक प्रतीत होते हैं। यान्त्रिक विज्ञान (*Mechanistic Science*) पहले तत्व को निःसंकोच स्वीकार कर लेगा। किन्तु पूर्व निर्धारित बाध्यता भी दो अर्थों में ग्रहण की जा सकती है—(*i*) यथार्थवादी यांत्रिक (*Realistic Mechanistic*), और (*ii*) आदर्शवादी उद्देशपूर्ण (*Idealistic Teleological*).रूढ़ पाश्चत्य विज्ञान(उन्नीसवीं शताब्दि ईस्वी) पहले अर्थ में ही बाध्यता को स्वीकार करता है, अतः मानव की महिमा को नष्ट करने वाले इस दृष्टिकोण के प्रति स्वयं पाश्चात्य तत्वज्ञान में अत्यन्त प्रबल आदर्शात्मक प्रतिक्रिया हुई है। शुद्ध (*Pure*) विज्ञान के क्षेत्र में भी आज कारणता के विषय में उन्नीसवीं शताब्दि का अनम्य (*Rigid*) दृष्टिकोण समाप्त हो चला है।

दूसरी ओर निर्बाधता और स्वच्छन्दता पर बल देने वाले परातत्वशास्त्री (*Metaphysicians*) भी निरपेक्ष निर्बाधता (*Absolute Indeterminism*) को स्वीकार नहीं कर पाते। किसी घटना की बाध्यता सम्पूर्ण क्षेत्र (*Field*) के संघटन (*Structure*) के सापेक्ष (*Relative*) होती है, अतः सम्पूर्ण क्षेत्र के स्वभाव के ज्ञान के अनुपात में उस क्षेत्र की घटनाओं की निश्चितता निर्धारित की जा सकती है। अतः दैव के कार्य (*Function*) का दूसरा तत्व मुख्यतः मानवीय ज्ञान की सीमा की ओर इंगित करता है। चूंकि आध्यात्मिक और ब्रह्म-विद्या विषयक साधना का चरम लक्ष्य अन्तिम सत् का साक्षात्कार है जो सम्पूर्ण ज्ञान का आधार है (अतः उसकी पकड़ से बाहर), अतः मानवीय ज्ञान की ससीमता की चेतना का सम्बल ग्रहण करना ही ऐसे चरम लक्ष्य के साक्षात्कार में सहायक

होता है। यद्यपि मानवीय ज्ञान और प्रयास की ससीमता की चेतना 'कृपा' पर निर्भरता उत्पन्न करती है, तब भी इस प्रकार की निर्भरता मानव की महिमा की घातक कदापि नहीं। सच बात तो यह है कि यह उस अन्तिम सत् से तादात्म्य का साधन है, अतः इसका सही रूप से इस्तेमाल करने वाला साधक उसी अन्तिम सत् की शक्ति से स्वयं सम्पन्न हो जाता है, उसकी इच्छा कभी असफल होती नहीं, यद्यपि इस का ज्ञान उसे स्वयँ नहीं रहता, और उस की इच्छा भी उसे पता नहीं रहती। वह अन्तिम सत् अर्थात् सम्पूर्ण प्रकृति की ही भाँति बाध्य और स्वच्छन्द दोनों ही हो जाता है—बाध्य सम्पूर्ण सत् के स्वरूप की दृष्टि से, और स्वच्छन्द अन्तिम सत् के आँशिक ज्ञान की दृष्टि से।

वास्तव में स्वच्छन्दता और बाध्यता में जो विरोध दिखाई पड़ता है, वह प्रतीति मात्र है। स्वच्छन्ता का अर्थ है 'अपने स्वभाव द्वारा नियन्त्रित'। अब चूंकि प्रकृति की सम्पूर्ण व्यवस्था स्वयं ज्ञान, विबोध और चेतना का आधार है, अतः इन साधनों का प्रयोग करने वाले वैज्ञानिक और विबोध-प्रधान दार्शनिक प्रकृति के व्यवहार में सदैव एक अनिश्चितता और निर्बाधता का तत्व पाते हैं। उदाहरणार्थ के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र (*Gravitationat Field*) में साधारण अनुभव के आधार पर प्राप्त न्यूटन के गति सम्बन्धी नियम *(Laws of Motion)* उस क्षेत्र के बाहर प्राकृतिक घटनाओं के विषय में निश्चित ज्ञान प्रदान करनेमें असमर्थ हो जाते हैं। आइन्सटाइन ने तो चिंतन के आधार पर ही इस ओर इंगित किया था, आज स्पुतनिक-युग में यह बात प्रत्यक्ष हो गई है कि विश्व की व्यवस्था में गति *(speed)* के विषय में कोई निरपेक्ष सीमा(*Absolutelimit*) निर्धारित नहीं की जा सकती। वैज्ञानिक और विबोध-प्रधान दर्शन शास्त्र की दृष्टि से यही अनिश्चितता का तत्व 'दैव' की 'कृपा' पर निर्भरता की प्रेरणा उत्पन्न करता है। बड़े से बड़ा सच्चा वैज्ञानिक और तर्क शास्त्री भी अन्ततोगत्वा हार कर फिट्जजेराल्ड *(Fitzgerald)* के उमर खय्याम से सहमत हो जाता है कि 'एक द्वार ऐसा था जिसकी कुंजी मुझे नही मिल सकी, एक पर्दा ऐसा था जिस के पार मैं नहीं देख

सका'। इस दृष्टि कोण का व्यावहारिक लाभ यह अवश्य होता है, कि वैज्ञानिक और तर्क शास्त्री में अहंकार-शून्य निष्काम उद्वेग-हीन कर्तव्य-परायणता उत्पन्न हो जाती है, जो कि वास्तविक वैज्ञानिक दृष्टि की विशिष्टता है।

किन्तु 'कृपा' के विषय में यह दृष्टिकोण किसी हद तक निराशाजनक ही है। भारतीय दर्शन के साधना पक्ष के इतिहास में 'कृपा' अनन्त शक्ति का स्रोत मानी गई है। साधना के चरम लक्ष्य की ओर प्रगति और उसकी प्राप्ति का 'कृपा' एक मात्र साधन है। 'कृपा' के इस पक्ष को समझने के लिए चरम सत् के उपर्युक्त वैज्ञानिक विवेचन से थोड़ा ही आगे बढ़ना होगा। हम ऊपर देख चुके हैं कि 'प्रकृति की सम्पूर्ण व्यवस्था' ज्ञान, विबोध और चेतना की पकड़ से परे है, क्योंकि वह इन सब का स्वयं आधार है अतः इन सबकी कोई भी क्रिया उस मूल व्यवस्था पर आश्रित है। ऐसी स्थिति में भारतीय मनीषियों ने उस 'सम्पूर्ण व्यवस्था' (वह जो कुछ भी हो) के साथ सामञ्जस्य स्थापित करने का एक मात्र उपाय स्वयं उसी के प्रति 'अनन्य समर्पण' बताया है। इस उपाय में कोई रहस्य की बात नहीं। लहराते समुद्र में तैरने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि लहर स्वयं उस व्यक्ति की तैराकी के प्रयास को अप्रत्याशित सफलता प्रदान करती है, जिसने अपने को उसे समर्पित कर के उस व्यवस्था के साथ अपनी क्रिया का सामंजस्य स्थापित कर लिया है। इसी प्रकार गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र की व्यवस्था अपने साथ समायुक्त क्रिया को अपनी सम्पूर्ण शक्ति प्रदान कर देती है, और गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से अधिक व्यापक व्यवस्था के साथ समायुक्त क्रिया को तो इतनी शक्ति प्राप्त हो जाती है, जो गुरुत्वाकर्षण की शक्ति का भी प्रतिरोध करके उसकी सीमाका अतिक्रमण कर जाती है। इसी प्रकार और भी आगे जा कर सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रति समर्पित साधक का प्रयास उस व्यवस्था के साथ समायुक्त होकर उसी अनन्त शक्ति से सम्पन्न हो जाता है, और उस के असफल होने का प्रश्न ही नहीं रह जाता। ऐसी स्थिति में साधक का व्यवहार किसी एक व्यवस्था की दृष्टि से असंगत प्रतीत होने लगता है, किन्तु समग्र व्यापक

व्यवस्था की दृष्टि से उस से अधिक संगत और उचित व्यवहार कोई और हो नहीं सकता। उदाहरणार्थ महाभारत में श्री कृष्ण के अनेक व्यवहार निरपेक्ष नैतिकता, धर्म, व्यवहार कुशलता, लोक कल्याण आदि की दृष्टि से अनुचित और असंगत लगते हैं. किन्तु सम्पूर्ण प्रकृति की व्यापक व्यवस्था (जो स्वयं नैतिकता, कल्याण आदि का आधार है) की दृष्टि से उस के अतिरिक्त और कोई अधिक संगत और उचित व्यवहार हो नहीं सकता। श्री कृष्ण का अविकम्पित आत्म-विश्वास और अपराजेय इच्छा-शक्ति महाभारत में क़दम क़दम पर मुखरित और आलोकित है। ऐसी स्थिति में शक्ति का तो कोई ठिकाना ही नहीं, यद्यपि स्वभाव की कोमलता भी ऐसी कि शक्ति का लेश मात्र भी पता नहीं, और बेदाम की गुलामी में सँकोच का सवाल नहीं। सम्पूर्ण व्यापक व्यवस्था के साथ तादात्मय की यह स्थिति ज्ञान, तप, उपासना आदि किसी भी प्रकार के प्रबल प्रयास द्वारा प्राप्त होने की वस्तु नहीं, क्यों कि इन सबका आधार तो स्वयं वह समग्र व्यवस्था ही है, जो इन सब का अतिक्रमण (Transcend) करती है। अहंता का किसी रूप में पोषण करने वाला कोई भी भावात्मक और निषेधात्मक प्रयत्न केवल अपनी विशिष्ट व्यवस्था की परिधि की उच्चतम हालत ही प्रदान कर सकता है, किन्तु स्वयं 'अहंता' जिस 'समग्र व्यवस्था पर आश्रित है, उसकी चरम अवस्था की प्राप्ति का साधन तो बस उस के प्रति ऐसा लगाव और समर्पण ही हो सकता है, कि लगाव और समर्पण का भी साधक को पता न रह जाये। श्री कृष्ण या ऐसी स्थिति प्राप्त किये किसी व्यक्ति को 'अवतार' कहने का आशय कदाचित यही है कि उसकी हालत (अनन्त शक्ति और कोमलता आदि) का उस पर 'अवतरण' हुआ है न कि वह सम्पूर्णतः प्रयत्नसाध्य है।

किन्तु यहां एक बात पर विचार करना आवश्यक है। 'सम्पूर्ण सत् की व्यवस्था' के साथ तादात्म्य की चरम स्थिति प्रयत्नसाध्य नहीं है, यह कहने का अर्थ यह कदापि नहीं कि 'प्रयत्न' अनावश्यक है। 'विबोध', 'ज्ञान', 'चैतन्य', 'आनन्द', 'शक्ति', 'कल्याण' आदि की ही भाँति 'प्रयत्न' अर्थात् 'अभ्यास' भी उस 'सम्पूर्ण सत्' की व्यवस्था का अंग है, यद्यपि इनमें से किसी में भी

वह 'सम्पूर्ण व्यवस्था' समाप्त नहीं है। अतः सम्पूर्ण व्यवस्था से तादात्म्यकी स्थितिमें परित्याग किसीभी चीजका नहीं होता, किंतु उनका रूप कुछ ऐसा सूक्ष्म और दिव्यहो जाता है कि उसे निषेधात्मक शब्दोंमें वर्णन करना सरल प्रतीत होता है। रहस्य की बात इस में भी कुछ विशेष नहीं है। यदि हम एक तेज़ी से घूमते हुए लट्टू की मिसाल लें, तो उसमें निस्संदेह एक सूक्ष्मतम धुरी होगी, जो लट्टूके कण-कण की गति का आधार होते हुए भी गति-शून्य स्थिति में होगी। ठीक इसी प्रकार सम्पूर्ण सत् से तादात्म्य की स्थिति में विबोध इस रूपमें क्रियाशील होता है, कि ऐसे व्यक्ति के व्यवहार बुद्धि-विरुद्ध प्रतीत होने पर भी अन्ततोगत्वा विबोध-संगत सिद्ध होते है। 'प्रयत्न' का भी ऐसाही हाल होता है! समर्पित प्रयत्न उन सभी साधारण विशेषताओं से शून्यहो जाता है, जिनसे 'प्रयत्न' के गुणों पर मुग्ध रहने वाले लोग परिचित हैं, किन्तु ऐसे 'प्रयत्न' को सम्पूर्ण सत् कुछ ऐसी सम्पन्नता प्रदान करने लग जाता है, कि स्वयं वह सम्पूर्ण सत अव्यवस्थित और निर्बाध रूप से अनिश्चित प्रतीत होने लगता है, यद्यपि उस का व्यवहार अपने सम्पूर्ण स्वभाव द्वारा नियन्त्रित होता है, जो उस के अन्तर्गत स्थिति किसी भी व्यवस्था की पकड़ के बाहर है। सम्पूर्ण सत् का यही व्यवहार 'कृपा' कहा जाता है। 'अभ्यास' के साथ इस का सम्बन्ध स्पष्ट करने के लिये वेदान्त के श्री वैष्णव सम्प्रदाय में बन्दर और बिल्ली के बच्चे के उदाहरण लिये गये हैं। बन्दर का बच्चा अपने प्रयास द्वारा माँ से चिपका रहता है, अतः माँ के अन्य कामों में लगे रहने और एक डाल से कूद कर दूसरी डाल पर जाने पर भी बच्चे को माँ का संरक्षण प्राप्त रहता है, बिल्ली के बच्चे को माँ मुंह में दबा कर जब जहाँ उचित समझती है, ले जाती है। वास्तव में 'समर्पण' स्वयं एक 'अभ्यास' है, जो आसान नहीं, और 'कृपा' दण्ड और विनाश के रूप में भी होती है। 'न्याय' और 'कृपा' वास्तव में परस्पर विरोधी नहीं, किन्तु एक दूसरे के भिन्न दृष्य (views) मात्र हैं।

प्रस्तुत लेख में 'कृपा' के विषय में दो बातों का प्रधानतः प्रतिपादन हुआ है:—

(१) साधना में 'कृपा' का व्यावहारिक महत्व है। इस तत्व का स्वीकरण 'अहंता' को उचित रूप में लाने का साधन है, जो ब्रह्म-विद्या विषयक साधना का मुख्य अंग है।

(२)साधनामें 'कृपा' पर निर्भरताकी प्रभावोत्पादकता (Efficacy) का कारण यह है कि 'सम्पूर्ण सत्' की व्यवस्था में उस का वास्तविक स्थान है।

अन्त में एक सम्भावना की ओर इंगित कर देना भी उचित प्रतीत होता है कि 'ज्ञान', 'चैतन्य', 'कल्याण' आदि की भाँति ही कदाचित् 'कृपा' भी 'सम्पूर्ण सत्' के अन्तर्गत है, क्यों कि वह निरपेक्ष (*Absolute*)ही क्या, जो किसी भी व्यवस्था में परिसमाप्त हो जाये। कदाचित उपर्युक्त बिल्ली के बच्चे की साधना की श्रेष्ठता पर बल देने वालों का वास्तविक अभिप्राय यही हो। 'सम्पूर्ण सत्' के साथ तादात्म्य की चरम स्थिति का वर्णन कबीर ने तो दोनों ही तरह किया है:—

(i) कबिरा कुत्ता राम का मोतिया मेरा नाँव।
गले नाम की जेंवड़ी, जित खींचे तित जाँव॥

तथा

(ii) तन थिर, मन थिर, सुरति थिर, थिर भयो सकल सरीर।
ता के पीछे हरि फिरें कहत 'कबीर', 'कबीर'॥

—सम्पादक

अध्यात्म

(समर्थगुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज, फतेहगढ़)

(क्रमागत)

कर्म, ज्ञान और आनन्द तीनों ही बीच की दशायें हैं और तीनों ही दिल की विशेषतायें हैं। उनमें इतना ही भेद है कि कर्म नीचा है और आनन्द ऊंचा है तथा ज्ञान बीच की हालत है।

स्थूल-देह नीचा, कारण-देह ऊंचा और सूक्ष्म-देह बीच की हालत है। कर्म व्यक्ति और बाह्य-गति है; आनन्द शान्ति और स्थिरता है और चिन्तन तथा सोच-विचार बीच की स्थिति है।

जब दो चीजें मिलेंगी तभी तीसरी हालत पैदा होगी और इस तीसरी हालत में सम्मिश्रण और मिलावट है। यह मिलावट और सम्मिश्रण दिल की हालत है और दिल में है। विवेक, ज्ञान और परिणाम का निर्णय सब इसी के आधीन हैं।

जहाँ एक होता है वहाँ विचार की फुरणा नहीं होती है। और न विवेक अर्थात् जोड़, घटाना, गुणा और भाग करने का अवसर ही हाथ आता है। एक में कैसा कर्म एवं कैसा आनन्द? जब दो होंगे तभी उनके मेल से तीसरी हालत पैदा होकर भेद कर सकेगा कि यह अमुक है। यह मैं हूँ, यह तू है कि वह है। ग्रन्थि बीच में होती है उसके एक ओर एक सिरा एवं दूसरी ओर दूसरा सिरा होता है। मन ही तो बीच की ग्रन्थि है जिस के एक ओर ऊंची हालत चैतन्यता की है और दूसरी ओर नीची हालत जड़ता की है तथा दोनों के प्रभावों और छाया को लेकर यह मन जड़ और चैतन्य की ग्रन्थि बन जाता है, एवं सोचने समझने के लिये विवश होता है। यही उसकी विशिष्टता है-कभी नीचे जाता है एवं कभी स्थिर होकर बैठ जाता है। यही तीनों ही उस के स्वाभाविक-गुण हैं।

सिर ऊपर है, पाँव नीचे है; बीच में दिल है जो दोनों को गति प्रदान करता है। सत् ऊपर है तम नीचे है; और बीच में दिल

है जो दोनों ही को गति दे दे कर अपना काम निकाला करता है।

पहली हालत कर्म है दूसरी ज्ञान है तीसरी आनन्द है। इन तीनों में ही उसका दौरा होता है। यही कारण है कि गति, समझ और शान्ति उसका परिणाम होती है। गति कर्म, समझ ज्ञान एवं शान्ति आनन्द है ज्ञान बीच की सम्मिश्रित अवस्था है। अतः जो व्यक्ति मन और स्थूल शरीर की अनेकता के क्षेत्र में अनेकता के साथ रहता है, व्यवहार करता है और विवेक-शील तथा बुद्धिमान है वह अज्ञानी है। जो व्यक्ति फ़नाफ़िलकसरत (अनेकता में लीन) हो वह अज्ञानी, और जो फ़नाफ़िल्वहदत (एकत्व में लीन) हो वह ज्ञानी है। जो स्थूल शरीर और दिल के द्वन्द्वात्मक-क्षेत्र में रहता हुआ उनके कारबार में लगा हुआ, डूबा हुआ (लीन) अथवा झुका हुआ है वह अज्ञानी है और जो व्यक्ति स्थूल शरीर और दिल के क्षेत्रों को छोड़कर अपने दिल को कारण-देह अर्थात आत्मा में लगाकर उसी के आनन्द और सुख शान्ति और स्थिरता में लगा हुआ, डूबा हुआ, लीन अथवा झुका है वह ज्ञानी है।

न तो अज्ञानी, शरीर के क्षेत्र से ऊंचा है और न ज्ञानी। दोनों शारीरिक क्षेत्र में हैं। अन्तर केवल इतना है कि एक को अनेकता की धुन है और दूसरे को एकत्व की। एक आत्मा में शाँति और स्थिरता की खोज करता है और दूसरा शरीर, इन्द्रियों एवँ अंगों के क्रियाकलाप में। दोनों में से किसी को भी स्थिरता और शान्ति की असली हालत प्राप्त नहीं है इस लिये कि अज्ञानी अमल (क्रिया) और इल्म (विद्या) के द्वारा अनेकता का प्रेमी बना हुआ है और एकत्व में प्रति दिन जाता है। और ज्ञानी एकत्व का प्रेमी बना हुआ अनेकता के क्षेत्र में विवश वापस आता है। न ज्ञानी शरीर को छोड़ सकता है और न अज्ञानी आत्मा के सुख से वंचित किया जा सकता है। दोनों ही एक जैसे हैं। दोनों को ही आवरण और पर्दा, भ्रम और वहम ने दबोच रक्खा है। हाँ यह अवश्य है कि ज्ञानी की दशा, अज्ञानी की तुलना में आपेक्षिक दृष्टिकोण से अच्छी और श्रेष्ठ है क्योंकि स्थूल शरीर अनेकता का क्षत्र है और आत्मा एकत्व का क्षेत्र है। अनेकता बेदारी और जाग्रति अवस्था में है और एकत्व सुषुप्ति और नीद में है शरीर दोनों ही हैं।

(क्रमशः)

सहज मार्ग की शिक्षण पद्धति

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन)

महात्माओं ने अख़लाक़ (सद्व्यवहार) पर बहुत बल दिया है। यह बात उस समय समझ में आई जब पतन (*Degeneration*) आरम्भ हो गया। पतन (*Degeneration*) का अर्थ, वास्तव में, यह है कि समस्त ज्ञान शक्तियों—उदाहरणार्थ अनुभव और विवेक आदि में संतुलन (*Balance*) नहीं रहा और उन के काम तितर बितर होने लगे। विवेक-शक्ति का कार्य यह है किस ही अनुभव करे, इस प्रकार कि प्रत्येक समय का जो कार्य है, ठीक प्रकार से सम्पन्न होने लगे।

बहरहाल गड़बड़ी पड़ गई। हर बात असन्तुलित (*Unbalanced*) हो गई। किसी में कोई बात ज्यादा हो गई, और उस चीज के ख़िलाफ़ हो गई, जो प्रारम्भ काल में थी। हम को उसी चीज़ अर्थात संतुलित अवस्था (*Balanced condition*) पर वापस जाना है, और वास्तव में यही अख़लाक़ (सद्व्यवहार) है। यही उसकी सही परिभाषा (*Definition*) है। यदि हम अपने आप को इसी तरीके में ले आवें तो एतदाल (*Moderation*, समत्व) पैदा हो जाये और बिगड़ी हुई हालत संभल जावे।

बिगड़ने की सूरत किस प्रकार पैदा हुई? धीरे धीरे जो बात ख़याल में ज्यादा तेज़ घुसी, और आप ने उस को शक्ति (*Power*) दे दी, तो वह चीज़ अधिक व्यावहारिक (*Practical*,-ठोस) रूप में व्यक्त हुई। और उसने इतना अधिक अपने आपको अभ्यस्त (आदी) बना लिया, या यह कहो कि धीरे धीरे उसमें इस क़दर अभ्यस्त हो गये, अर्थात् उसे अपनी दूसरी प्रकृति (*Second nature*) बना लया, कि अब उससे निकलने को जी नहीं चाहता।

अतः जरूरत इस बात की है कि कोई व्यक्ति ऐसा मिल जाये,

जिसकी समत्व शक्ति (*Power of Moderation*)उस पर सम्पूर्णतः छा गई हो, और वह अपनी शक्ति से इन चीजों को तोड़-फोड़ कर असल हालत पर रूजू (*Direct*) कर दे। अब ज़रा सोचिये तो सही ! जिस समय उन के बिगड़ने का आरम्भ हुआ, कितना धीमा धीमा हुआ होगा, और अन्त में ठोसता की हालत ले ली होगी। बहरहाल इस वक्त ठोसता की हालत है।

अब यदि शिक्षक (तालीम-कुनिन्दा) इस चीज़ को उस हालत पर रूजू (*Direct*) करना चाहता है, जो वास्तविक लक्ष्य है, तो उसको अपने हल्केपन से काम लेना पड़ेगा, जिस में ताकत की रोक (बन्दिश) हो, और हथौड़ा का काम इस चीज़ पर करे। ज़ाहिर है कि यदि कारीगर का खयाल लोहे की असली हालत, या किसी चीज़ के बनाने का न हो, और हथौड़ा पीटता रहे, तो वाञ्छित वस्तु कभी नहीं बन सकती। दूसरा अभिप्राय यह कि वास्तव में हथौड़ा नाम मात्र के लिये है, और उसकी असली ताकत उसमें होकर काम कर रही है। कबीर साहब ने क्या अच्छा कहा है—

ताना नाचे, बाना नाचे, नाचे सूत पुराना।
बीच तार में जुलहा नाचे, भेद किसी ने जाना॥

यदि कारीगर केवल हथौड़ा लोहे पर पीटना आरम्भ कर दे, तो उसकी शक्ल बहुत भद्दी बनेगी। इसी प्रकार यदि आध्यात्मिकता का शिक्षक डाँट डपट आरम्भ कर दे, तो विश्वास रखिये कि कदापि वह शक्ल नहीं बन सकती, जो हमारा लक्ष्य है। अफसोस, कि भेद आज तक किसी की समझ में नहीं आया, और शिक्षक के रूप में ताल ठोंक कर खड़े हो गये। यह राज जो इस समय मैं खोल रहा हूँ, जाने इसने क्या क्या नुक़सान किये होंगे— समझ नहीं कि इस का अन्दाज़ा लगा सकें। यह रास्ता कितना बारीक है : अफसोस, इसकी ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। शिक्षक बनने के लिये हर व्यक्ति तैयार हो गया, इस बारीक चीज़ को हथौड़ा से पीटा और

और उन्हें खुली रखना चाहिये रजाई में मुंह ढक कर कभी न सोयें। सुबह खुली जगह में टहलने अवश्य ही जायें। शुद्ध हवा में गहरी साँस अवश्य ही लेते रहें, ताकि अधिक से अधिक शुद्ध हवा हमारे फेफड़ों में पहुँच सके। गहरी साँस लेने के लिये दौड़ना कसरत करना, या तेजी से टहलना अच्छा साधन है।

बहुत से ऐसे घाव देखे जो महीनों से ठीक नहीं हो रहे थे। कारण यह था कि घाव पर दिन रात मलहम पट्टी बँधी रहती थी। हवा घाव पर लगाने से डरते रहते थे। उन्हीं सड़े हुए घावों पर मट्टी-पट्टी एक घन्टे के लिये बाँधी और एक घन्टे बाद घाव पर शुद्ध हवा लगने दी गई। घाव को धूप, हवा ने शीघ्र ही अच्छा कर दिया। बुखार आदि रोगों में मैंने रोगियों को तथा अपने दो वर्षीय बच्चे को १०६.५ डिगरी बुखार की तेज हालत में कमरे से बाहर झोपड़ी में खुली हवा में सुलाया, कुछ समय बाद ही बुखार में आराम मालूम हुआ—और बच्चा कुछ देर बाद चैन से सो गया। लोग बुखार की हालत में रोगी को शुद्ध हवा लगाने से डरेंगे। खिड़कियाँ भी बन्द कर देते हैं। प्रकृति शरीर में लगी आग को ठंडी हवा से बुझाना चाहती है, मगर घर वाले बुखार के रोगी को हवा में सुलाने के बजाय गर्म कपड़ों से दबा देते हैं, ताकि रोगी का शीघ्र ही दम घुटने लगे और आग में आग बढ़ जाय। सर दर्द, बुखार, बेहोशी मृगी आदि रोगों में खुली शुद्ध हवा में सुलाने से रोगी की तकलीफ में आराम मालूम होता है, और रोगी की हालत सुधारने लगती है। इस लिये मनुष्य को अधिक से अधिक शुद्ध हवा का सेवन करना चाहिये।

हवा से लाभ

(काशीराम अग्रवाल)

हवा, मनुष्य, पशु, पौधे आदि का प्राण है। बगैर भोजन के मनुष्य महीनों जीवित रह सकता है, पानी के अभाव में भी कुछ दिन रह सकता है, मगर हवा के बिना मनुष्य एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकता। हमारे शरीर के लिये इतनी आवश्यक वस्तु होने पर भी अधिकतर लोग हवा से सच्चा लाभ नहीं उठाते। वह नहीं जानते कि हवा की सहायता से फेफड़े रक्त को शुद्ध करते हैं, अतः हवा शुद्ध होने पर रक्त-शोधन की क्रिया अच्छी प्रकार चलती रहती है। शुद्ध हवा के लगने से मुरझाया शरीर खिल उठता है, सुस्त शरीर हरा भरा हो जाता है। शुद्ध हवा के अभाव में ही फेफड़ों में गन्दगी इकट्ठी होती रहती है, और वह गन्दगी सड़ने लगती है। नतीजा यह होता है कि फेफड़े खराब हो जाते हैं। फेफड़ों में दूषित विकार इतना अधिक जमा हो जाता है कि मनुष्य को शुद्ध हवा में अगर चले जाना पड़ जाता है तो अन्दर का दूषित विकार जुकाम आदि के रूप में बाहर बह कर निकलने लगता है। वह दूषित विकार अन्दर रुका इसलिये था कि शुद्ध हवा मिले तो वह गन्दगी को बाहर निकाल फेंके। उस शुद्ध हवा का शरीर पर लगने का नतीजा यह हुआ। किन्तु उन्होंने उस प्रकृति की शुद्ध हवा की देन पर एतराज किया कि 'आज मैं एक महाशय जी के कहने से टहलने खुली हवा में चला गया--मुझे ठंड लग गई।' सोचने की बात है, टहलने तो बहुत से महाशय जाते हैं उन सब को तो ठंड नहीं लगी, सभी को जुकाम नहीं होता। वह बेचारे यह नहीं जानते कि शुद्ध हवा के अभाव में ही फेफड़ों की सफाई ठीक नहीं होगी, शुद्ध हवा प्राप्त होती रहे तो न खाँसी हो न दमा, न जुकाम ही हो, न सर्दी ही लगे। जिसे शुद्ध हवा बराबर प्राप्त होती रहेगी उसका रक्त शुद्ध होता रहेगा, फेफड़े गन्दगी को इकट्ठा न होने देंगे। जब फेफड़ों में अधिक गन्दगी काफीसमय तक रुकी

रह जाती हैं, तो फेफड़े सड़ने लगते हैं जिससे टी० बी० आदि भयंकर रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

मनुष्य को शुद्ध हवा की कितनी अधिक आवश्यकता है और अशुद्ध हवा से जो हानि होती है, वह तो समझ ही सकते हैं। इस लिए शुद्ध हवा की प्राप्ति के लिये प्रातःकाल का टहलना सबसे अच्छा है। टहलने के लिये जहाँ तक हो खुली जगह, खेतों में, नदी किनारे, बगीचों आदि की तरफ ही जाना चाहिये। हरियाली जगह में टहलना इसलिये और भी अच्छा है कि पौधे, वृक्ष आदि मनुष्य की गन्दी जहरीली साँस (Carbon-di-oxide) को ग्रहण करते हैं, और शुद्ध हवा (Oxygen) को बाहर फेंकते हैं जो मनुष्य की खूराक है; अगर प्रकृति ऐसा प्रबन्ध न करती तो मनुष्य को शुद्ध हवा प्राप्त होना ही कठिन हो जाता।

जहाँ गन्दगी सड़ती हो, गन्दे नाले नाली हों, बैठक से लगा हुआ शौचालय हो, अधिक जमघट हो, धुआँ धूल हो, ऐसी जगहों की हवा बड़ी अशुद्ध एवं जहरीली होती है। ऐसी जगहों में अधिक ठहरने से श्वास द्वारा वह गन्दी हवा शरीर में पहुँच कर विकार पैदा करती है: खून खराब हो जाता है, चर्म रोग आदि हो जाते हैं। इस लिये ऐसी जहरीली हवाओं से मनुष्य को बचना चाहिये, और शुद्ध हवा के लिये सुबह शाम टहलने जाना चाहिये।

नाक के अतिरिक्त हमारे शरीर के रोम कूप भी श्वास ग्रहण करते रहते हैं। गर्मियों में देखा होगा पसीने के रूप में अन्दर की गन्दगी इन रोम कूपों से बाहर आती है। अगर शुद्ध हवा रोम कूपों को प्राप्त न हो तो भी चर्म रोग पैदा हो जाते हैं, रोम कूप बन्द हो जाते हैं। इस लिये पूरे शरीर पर ही शुद्ध हवा लगनी चाहिये। शुद्ध हवा के अभाव में मनुष्य रोगी हो जाता है और कष्ट भोगता रहता है। शुद्ध हवा के लिये साधन भी बनाने चाहिये कि बगैर परेशानी के हमें बराबर शुद्ध हवा प्राप्त होती रहे। रहने सोने के कमरों में अधिक खिड़कियाँ होनी चाहिए

और उन्हें खुली रखना चाहिये रजाई में मुंह ढक कर कभी न सोयें। सुबह खुली जगह में टहलने अवश्य ही जायें। शुद्ध हवा में गहरी साँस अवश्य ही लेते रहें, ताकि अधिक से अधिक शुद्ध हवा हमारे फेफड़ों में पहुँच सके। गहरी साँस लेने के लिये दौड़ना कसरत करना, या तेजी से टहलना अच्छा साधन है।

बहुत से ऐसे घाव देखे जो महीनों से ठीक नहीं हो रहे थे। कारण यह था कि घाव पर दिन रात मलहम पट्टी बँधी रहती थी। हवा घाव पर लगाने से डरते रहते थे। उन्हीं सड़े हुए घावों पर मट्टी-पट्टी एक घन्टे के लिये बाँधी और एक घन्टे बाद घाव पर शुद्ध हवा लगने दी गई। घाव को धूप, हवा ने शीघ्र ही अच्छा कर दिया। बुखार आदि रोगों में मैंने रोगियों को तथा अपने दो वर्षीय बच्चे को १०६.५ डिगरी बुखार की तेज हालत में कमरे से बाहर झोपड़ी में खुली हवा में सुलाया, कुछ समय बाद ही बुखार में आराम मालूम हुआ—और बच्चा कुछ देर बाद चैन से सो गया। लोग बुखार की हालत में रोगी को शुद्ध हवा लगाने से डरेंगे। खिड़कियाँ भी बन्द कर देते हैं। प्रकृति शरीर में लगी आग को ठंडी हवा से बुझाना चाहती है, मगर घर वाले बुखार के रोगी को हवा में सुलाने के बजाय गर्म कपड़ों से दबा देते हैं, ताकि रोगी का शीघ्र ही दम घुटने लगे और आग में आग बढ़ जाय। सर दर्द, बुखार, बेहोशी मृगी आदि रोगों में खुली शुद्ध हवा में सुलाने से रोगी की तकलीफ में आराम मालूम होता है, और रोगी की हालत सुधारने लगती है। इस लिये मनुष्य को अधिक से अधिक शुद्ध हवा का सेवन करना चाहिये।

अनन्त यात्रा

(इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म-विद्या को सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिये सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबूजी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जारही हैं।
—सम्पादक]

क्रमागत
(पत्र संख्या ४४)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्रीबाबूजी,
सादर प्रणाम।

कृपा-पत्र आपका पूज्य.....के लिये आया, उससे समाचार मालूम हुये। पत्र में यह पढ़कर अत्यन्त खेद हुआ कि मेरी आत्मोन्नति रुक गई थी। दुःख सबसे भारी इस बात का है कि जितने दिन उन्नति रुकी रही उतने दिन जिन पर यह तन, मन, सब बलिहार कर चुका हूँ और जो इस भिखारी का केवल खजाना और ध्येय है, हाय 'उनके' पास तक पहुँचने में उतनी ही अधिक देरी हो जायेगी। पूज्य श्रीबाबूजी, आप बताइये कि इस गरीब से क्या त्रुटि हो गई थी ? मेरी साधना में क्या कमी हो गई थी जिससे कि मैं उसे शीघ्र सुधार लूँ, और "जिसने" मेरा सारा चैन लूट लिया "उस" तक मौज और मस्ती से पहुँच सकूँ। यह अवश्य है कि इस बेचैनी में

ऐसा चैन है और होगा जो सदा के लिये स्थाई होगा। प्रथम जब ध्यान करने की तबियत ही नहीं होती थी और तबियत में अजीब उचटापन था तो मैंने यह समझा कि यह भी कोई दशा होगी परन्तु मैंने sitting नहीं छोड़ी। यद्यपि जब मैं ध्यान करता था तो दिल पर बड़ा दबाव पड़ता था परन्तु मैंने दिन रात में छः सात बार sitting लेना प्रारम्भ कर दिया और इसके अतिरिक्त भी दिन में जब भी अवसर मिला मैंने पूजा की। मुझे फिर यह भी विश्वास हो गया कि अब sitting न जाने क्यों मुझे पचती नहीं। तब मुझे याद आया कि एक बार पूज्य.....ने कहा था कि 'मालिक' की याद से सब पच जाती है तो मैंने रात रात भर जागना शुरू कर दिया परन्तु हृदय का बोझ बढ़ता ही गया। यहाँ तक कि अक्सर ऐसा लगता था कि Heart-Sink हुआ जा रहा है परन्तु अपने ही आप कुछ दवा खाता रहा किसी से कुछ बताया नहीं। यदि मुझे तनिक भी संदेह रुकावट का होता तो मैं आपको शीघ्र ही लिखता। खैर 'मालिक' ने उबार लिया। मेरे 'श्री बाबूजी', आप बीच बीच में। मुझे देखते रहने की कृपा कीजिये गा। आपकी कृपा से मेरी हालत अब फिर ठीक आ गई है। दिल का सारा बोझ हट कर बड़ा हल्कापन आ गया है। जो सबसे लिपट जाने को जी होने वाली दशा मैंने लिखी थी वह अभी है और न जाने क्यों बैठे ही बैठे अकस्मात् बड़ी फुरफुरी सी आती है और ऐसा लगता है कि तमाम शरीर से sitting अथवा ईश्वरीय-धारा निकल रही है। आँखें भी आजकल ध्यान में भी बन्द नही होती हैं, बरबस खुल जाती हैं और बैठे बैठे कभी पैर में कुछ रेंगता सा मालूम होता है। कभी ऊंगली में, कभी हाथों में और कभी सिर में भी रेंगन मालुम होती है। कभी कभी गाते समय मालूम पड़ता है कि मुंह में से बड़ी पवित्रता निकल रही है। मुझे तो वहीं जाना है जहाँ कि आपको ले जाना है। मुझे यह पढ़कर प्रसन्नता हुई कि आपने यह लिख दिया कि "उसे मैं ठीक ले चलूँगा"। यह आपकी महानता एवं यश

है कि मुझसे अधम के लिए भी आपने ऐसा लिख दिया।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या ४५)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय 'श्रीबाबूजी',

सादर प्रणाम।

मेरा पत्र आपको मिला होगा। अब पाँच, छः दिन से तो मुझे इसका भी पता नहीं लगता है कि कुछ self-surrender है या नहीं पहले जैसा लिखा था कि यह मालूम पड़ता था कि मशीन की तरह। सब काम हो रहे हैं, अब यह भी नहीं है। जब पूज्य.....से कुछ हाल बताने लगता हूँ या और कुछ काम करने लगता हूँ तो इसका भी पता नहीं रहता है कि मैं कौन हूँ अब जब पूजा में बैठता हूँ तो समय का ज्ञान ही नहीं रहता है हाँ शरीर जब थक जाता है तब कुछ ध्यान आता है। कभी कभी माथे में बड़ा फैलाव सा लगता है। अगले पत्र में जो मैंने सारे शरीर से फैज निकलना लिखा था वह बात अब भी है।

मेरे 'श्रीबाबूजी' आपके इस सहज-मार्ग में आने से मन तो 'मालिक' की याद से घायल हो गया लगता है परन्तु मैं तो यही कहूँगा कि इन घावों के पालने में कोई अजीब मस्ती है परन्तु यह घाव बहुत ही छुपे और गहरे होते जिनका उभार ऊपर तक नहीं आने पाता है। तभी शायद आपके 'मिशन' में कोई जल्दी आने को तैयार नहीं होता। यदि और कोई दशा मालूम होगी तो शीघ्र लिखूंगा।

आपकी दीन, हीन संतान

.....

(पत्र संख्या ४६)

प्रिय..... खुश रहो ।

पत्र मिला, हाल मालूम हुआ । हमारे यहाँ कोई नहीं रुकता अगर विश्वास ठीक हो । ऐसे station जरूर आते रहते हे जहाँ पर ठहराव कुछ हो जाता है । अगर ज्यादा दिनों तक ठहराव रहे तो तरक्की में उतने दिनों कमी रहती है और अगर कम रहे तो कोई हर्ज नहीं होता । यह ठहराव भी बड़ा मुबारक है । इससे आगे बढ़ने की ताकत पैदा हो जाती है । एक कारण रुकाव का और हो जाता है वह यह कि ज्यादा खा जाने से हज्म न होने की वजह से यह बात पैदा होती है । महात्माओं ने उसको भी मुबारक कहा है । कहा तो यहाँ तक है कि अक्सर अभ्यासियों की बरसों यह कैफियत रही है और इसको क़ब्ज़ (spiritul constipation) कहा है । मगर यह हमारे गुरू महाराज की बरकत है कि इस प्रकार का क़ब्ज़ जो रुकावट डाले पैदा नहीं होता । तुम्हारी हालत कब्ज की न थी और न होगी, यदि ईश्वर ने चाहा । बल्कि एक stage पार करने के बाद और उसके आगे आने वाली stage के बीच की जगहें हर अभ्यासी को पड़ती हैं । मैंने अपनी आत्मिक—बल की एड़ उससे तुम्हें निकालने को नहीं लगाई । तुम अपनी ताक़त से स्वयं निकल आये, और मैं चाहता भी यही था । अगर अब तक उस हालत से न निकलते तो ज़रूर मैं अपनी will exercise करता । सबसे अच्छा चलना तो उसी को कहते हैं कि अपनी मेहनत से आगे बढ़े । तुम्हें अपने चित्त में ग्लानि नहीं करना चाहिए, इसलिये कि अगर यह हालत न होती तो तुम उससे निकलने की कोशिश नहीं करते । अब चूंकि इस से निकलने के लिये अपने हाथ-पैर चलाये हैं इसलिये आगे बढ़ने की और ताकत आ गई । जिस्म में जो तुम ने रेंगन लिखी है वह चीज़ जिस्ममें गुदगुदी पैदा करती है या सिर्फ उसका कोई action सा पैदा हो जाता है ?दूसरी बातयहहै कि यह चीज बढ़ रहीहै या उतनीही है,और किसी वक्त मालूम होती है या नहीं ?

तुम्हारा शुभचिन्तक

(क्रमशः) "रामचन्द्र"

(२०)

ध्येय और प्रतीक

(श्री रघुनन्दन प्रसाद, 'इन्द्र', एडवोकेट)

ध्येय और प्रतीक में अन्तर है । ध्येय हमारी आत्मा का गन्तव्य लक्ष्य है, जिसकी ओर हमें अपने ज्ञान, भक्ति और कर्म से बढ़ना है, जिसको हमें प्राप्त करना है, जिससे हमें तदात्मरूप हो जाना है, जिस में अपने को लयकर देना है । प्रतीक वह वस्तु है जो हमें सतत् उस लक्ष्य का बोध कराती रहती है, हमारी दृष्टि से उसे ओझल नहीं होने देती और जो हमको उसकी प्राप्ति के लिए प्रेरणा और स्फूर्ति देती रहती है ।

जिनके भीतर ध्येय-निष्ठा बस गयी है, उनके लिए प्रतीक का भले ही कोई उपयोग न हो, परन्तु जिनको अपनी चेतना में उस निष्ठा को जगाना और स्थिर करना है, उनके लिए प्रतीक का बहुत बड़ा महत्व है। बिना प्रतीक का सहारा लिये या तो वह निष्ठा जागती ही नहीं, या यदि जागती है तो जुगनू की तरह क्षण भर चमक कर फिर लुप्त हो जाती है, और समय आने पर फिर उसी प्रकार एक बार चमक उठती है और फिर अन्धकार में खो जाती है।

परन्तु इस प्रतीक से चिपके रहने से एक धोका भी होता है । मनुष्य धीरे धीरे प्रतीक ही को ध्येय समझने लगता है और सत्य ध्येय उसकी दृष्टि से लुप्त हो जाता है, साधक को इस विषय में बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता होती है । बिना चिन्तन के प्रतीक का कुछ भी अर्थ नहीं है । प्रतीक की सार्थकता इसी में है कि वह हमारी चेतना में स्थायी निष्ठा का निर्माण करता है । यदि ध्येय के प्रति वह निष्ठा ही न बन सकी तो फिर प्रतीक केवल आडम्बर और दम्भ की वस्तु रह जाता है ।

निष्ठा निर्माण के लिए प्रतीकों का आश्रय लेना ही पड़ता है। ईसाई अपने चर्च के प्रति एक पवित्र भावना रखते हैं, मुसलमान अपनी मसजिद के प्रति वही भावना रखते हैं और हिन्दू अपने मन्दिर के लिये भी वही भावना रखते हैं। चर्च, मसजिद और मन्दिर सब विशाल फैले हुये देश में विशिष्ठ स्थान हैं। और केवल स्थान के नाते उनका कोई विशेष महत्व नहीं है। मनुष्य ने उनको महत्व तो अपनी मानसिक भावना से प्रदान किया है।

इसी प्रकार बाइबिल कुरान और वेद सब निष्ठा निर्माण के लिए सहायक प्रतीक हैं। वे स्वयं ध्येय नहीं है। और उनके लिए जो श्रद्धा हमारे मन में हैं, वह हमारी उनको प्रदान की हुई है। और आगे बढ़िये तो ईसा मुहम्मद और कृष्ण भी क्या है ? केवल हमारी निष्ठा-निर्माण के साधन हैं। ध्येय तो इन से आगे की कोई वस्तु है।

परन्तु जो व्यक्ति यह कहता है कि उसके लिए न तो चर्च-मसजिद और मन्दिर का कोई उपयोग है, न बाईबिल कुरान और वेद से उसका कोई प्रयोजन है, और न वह ईसा मुहम्मद और कृष्ण के सर्व-परिष्कृत व्यक्तित्व को स्वीकार करता है। वह या तो अपने परम लक्ष्य को प्राप्त करके उस से एक रूप हो चुका है, अन्यथा वह केवल शरीरधारी एक कीड़ा है, जिसको अभी यह ज्ञात ही नहीं कि उसका कोई लक्ष्य भी है।

जैसे पदार्थों के प्रतीक है, वैसे ही कर्मों के भी प्रतीक हैं। पूजा, नमस्कार सजदा, आग के सामने झुकना यह सब आत्म निवेदन के प्रतीक हैं। साधक को सदैव इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि वास्तव में इन बाह्य कर्मों से उनमें आत्म-निवेदन की भावना में दृढ़ता और स्थिरता आ रही है या नहीं। जब उसको यह लगने लगे कि इनके द्वारा उनका आत्म शोधन नहीं होरहा है, तो उनको

थोड़ा ठहर कर आत्म निरीक्षण में लग जाना चाहिये; यह जानने का प्रयास करना चाहिये कि कहाँ पर उसके मन की लकड़ी कच्ची रह गयी है। यदि वह आत्म निरीक्षण नहीं करेगा तो या तो उसकी पूजा उसकी नमाज उसका कीर्तन सब निर्जीव हो जायेंगे, या फिर उनमें दम्भ अहंकार और आत्म प्रदर्शन का रूप आ जावेगा।

पूजा, नमाज और कीर्तन तीनों सात्विक राजसिक और तामसिक हो सकते है। देखने में उनके बाह्य व्यापारों में कोई अन्तर दृष्टि गोचर नहीं होता परन्तु तामसिक पूजा मरी हुई और निर्जीव होती है, राजसिक पूजा में दम्भ और अहंकार भरा होता है। केवल सात्विक पूजा ही मनुष्य को ऊपर उठाने वाली होती है, वह सच्ची नम्रता और उदारता उत्पन्न करती है, उनको अपने ध्येय से परिचित कराती है, और उसको ऊपर की ओर लेजाती है। राजसिक पूजा बढ़कर धर्मान्धता का रूप धारण करलेती है। धर्म के क्षेत्र में वह अपने अभिमान की अभिव्यक्ति चाहती है और जो इस अभिमान के मार्ग में बाधक होता है, वह उसकी हिंसा करने पर उतारू होजाती है। उसमें सहिष्णुता नहीं होती। तामसिक पूजा बढ़कर अकर्मण्य और मूढ़ बनादेती है। जो धर्म के श्रोत को ही सुखा डालती है।

प्रतीक भावना का अवलम्ब है। जो इन्द्रयों से परे और निराकार है, उसको कैसे पकड़ा जाय, यह एक कठिन साधना है। इन्द्रियाँ शब्द, रूप, रस, गन्ध और स्पर्श के संसार में भ्रमण करती है। इस लिये पहले इनको ही आधार बनाकर साकार और सगुण को स्वीकार करके निराकार और निर्गुण की ओर बढ़ना पड़ता है।

मूर्ति पूजा में रूप का सहारा लिया जाता है, कोई धर्म पुस्तक पढ़ने में शब्द का सहारा लेते हैं। मूर्ति पूजा का रहस्य

है साकार में निराकार की अनुभूति। जितने कर्म हैं सब प्रकृति से सम्बद्ध हैं। प्रकृति के गुणों के बाहर उनकी गति नहीं है। वही कर्मों का आश्रय है। सगुण उपासना में भी हम प्रकृति का आधार किसी न किसी रूप में पकड़े रहते हैं उसको छोड़ नहीं देते।

परन्तु प्रकृति के यह आधार भी दो प्रकार के होते हैं—एक स्थूल और दूसरा सूक्ष्म। साधक साधना पथ में जितना ही आगे बढ़ता जाता है, सूक्ष्म आधारों को अपनाता जाता है। स्थूल की अपेक्षा सूक्ष्म अधिक व्यापक होता है। रूप की अपेक्षा चरित्र अधिक सूक्ष्म है और चरित्र की अपेक्षा गुण और भी सूक्ष्मतर है। इसलिये जो रूप और मूर्ति को स्वीकार नहीं करते वह चरित्र को स्वीकार करते हैं। राम और कृष्ण का यशोगान करते हैं, अथवा ईसा और मुहम्मद के चरित्र से प्रेरणा लेते हैं। जो इससे भी कुछ आगे बढ़ जाते हैं वह केवल गुणों का आश्रय ढूँढ़ते हैं, कर्मों का नहीं।

जब भावना की गति बुद्धि की ओर जाने से रुक जाती है, तो फिर वह स्थूलता की ओर पलट पड़ती है और यही साधक के पतन का लक्षण है। यह ससीम प्रतीकों को इस प्रकार पकड़ लेती है मानो वह असीम ध्येय हों। अपने ससीम अहम् को वह उन प्रतीकों से जोड़ लेती है और फिर उन प्रतीकों को परम ध्येय समझ बैठती है। इसी को विवेक-शून्यता कहते हैं।

बौद्ध धर्म और हिन्दू धर्म में यह साधना-पद्धति समानान्तर रेखाओं में चलती है। दोनों में प्रतीकों का क्षेत्र बहुत विशाल है। बौद्ध धर्म में वह भगवान बुद्ध की मूर्ति से प्रारम्भ होती है और अन्त में उस शून्य में समाप्त हो जाता है, जो गुण क्रिया और भाव सब से रहित है। हिन्दू धर्म में यह प्रतीक मूर्तियों से प्रारम्भ होते हैं। यह प्राचीन महापुरुष राम, कृष्ण, अथवा अन्य किसी देवता के होते हैं,

और अन्त में ब्रह्म में समाप्त हो जाते हैं, जो प्रकृति के गुण कर्म और भाव से रहित है।

यह ठीक है कि जो अव्यक्त और असीम है उसकी कोई विशेष प्रतिमा नहीं हो सकती। परन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि प्रतिमा की कल्पना करके उसको आधार बनाकर अव्यक्त और असीम का चिन्तन नहीं किया जा सकता, उसका पूजन और आराधन नहीं किया जा सकता।

सारा चिन्तन अपनी प्रारम्भिक अवस्था में द्वन्द्वात्मक होता है। इसमें एक गुण और एक गुणी रहता है। जैसे ईश्वर दयालु है। इसमें ईश्वर गुणी है और दयालु होना उसका गुण है, अथवा एक कर्ता और उसके साथ उसकी क्रिया रहती है जैसे ईश्वर न्यायकारी है। इसमें ईश्वर कर्ता है और न्याय करना उसका कर्म है।

यह द्वन्द्वात्मक चिन्तन बहुत आगे चल कर छूटता है। जब यह छूट जाता है तभी मनुष्य की बुद्धि शुद्ध और निर्मल होती है। और तभी वह प्रतीकों को सम्पूर्ण रूप से त्यागने में समर्थ होता है। तब ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय सब एक हो जाते हैं। ध्याता, ध्येय और ध्यान सब एक हो जाते हैं। सम्भवतः शिशु के आदि शिशुत्व में भी उसकी चेतना ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान में वही नहीं होती। अन्त में कठिन साधना से फिर इन को एकत्रित करना पड़ता है। जब ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान सब एक हो जाते हैं, ध्याता, ध्येय और ध्यान सब एक हो जाते हैं, उसी अवस्था का नाम समाधि है।

इस अवस्था में सारे विषय इन्द्रियों में लय हो जाते हैं, इन्द्रियाँ मन में लय हो जाती हैं, मन बुद्धि में लय हो जाता है और बुद्धि शुद्ध चेतन में लय हो जाती है। कोई द्वन्द्ववादी नहीं रहता इसी को ब्राह्मी स्थिति भी कहते हैं। फिर इस अवस्था को प्राप्त करके लौटना नहीं होता।

जब तक यह अंतिम अवस्था प्राप्त नहीं होती, तब तक मनुष्य

प्रतीकों का सहारा ढूँढ़ता रहता है। वह भले ही यह कहे कि उसने प्रतीकोपासना और मूर्ति पूजा को छोड़ दिया है, परन्तु वह वास्तव में उससे छूटती नहीं। वह एक प्रतीक को छोड़ कर दूसरे को पकड़ लेता है। रूप को छोड़ कर शब्द को पकड़ लेता है। कभी सकारात्मक प्रतीक को छोड़ कर नकारात्मक प्रतीक को पकड़ लेता है और इस धोखे में रहता है कि उसने प्रतीकों को छोड़ दिया है। वास्तव में प्रतीक उसे छोड़ेगा, वह प्रतीकों को नहीं छोड़ेगा।

॥ भजन ॥

मुरसिद मेरा मुहम्मी, जिन मरम बताया।
दिल अन्दर दीदार है, खोजा तिन पाया ॥१॥
तसबी एक अजूब है, जामें हर दम दाना।
कुंज किनारे बैठिके, फेरा तिन्ह जाना ॥२॥
क्या बकरी, क्या गाय है, क्या अपनो जाया।
सबको लोहू एक है, साहब फरमाया ॥३॥
पीर पैगम्बर औलिया, सब मरने आया।
नाहक जीव न मारिये, पोषन को काया ॥४॥
हिरिस हिये हैवान है, बसि करिलै भाई।
दाद इलाही नानका, जिसे देवै खुदाई ॥५॥

—गुरू नानक

"सुबह का भूला शाम को आजाये तो ?"

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी)

एक वृक्ष की छाया में बच्चे खेल रहे हैं। कुछ दूर दूसरे वृक्ष के नीचे एक बालिका कुछ रूठी सी मुद्रा में खड़ी है और कह रही है, "जब देखो तब, 'तेरा बाप' तेरा बाप" यह भी कोई खेल है ? मैं नहीं खेलती ऐसा खेल।" गुच्चो मनाने आया वह नहीं गई, मुनियाँ आई वह नहीं गई, परन्तु उसके बिना बच्चों का खेल पूरा नहीं हो पाता था।

"अच्छा कल से नहीं चिढ़ाएंगे, आजा री रनियाँ।" तब रानी साहबा चलीं ऐंठ के।

"मेरे बिना तो जैसे तुम्हारा खेल ही नहीं चलता।" वह खेलने लगी।

झुटपुटा हो गया था। पक्षी अपने अपने नीड़ों को लौट रहे थे। गायें चर कर जुगाली करती अपने घरों को लौट रहीं थीं। "हमें भी घर चलना चाहिये। माँ रास्ता देख रही होगी।" रानी ने कहा। वह घर गई। आते ही पुकारा।

"अम्मा, ओ अम्मा, अरी ओ अम्मा, कहाँ चली गई ? मुझे बहुत भूख लगी है।"

उसका मचलना सुनते ही माता दौड़ आई। उसे गोद में उठा लिया। चूमने लगी।

"कहाँ चली गई थी, अम्मा। खाना दे, भूख लग रही है।"

माता का मुख म्लान हो गया। कहाँ से खिलाए, क्या खिलाये लाडली को? ढूंढा तो दो बासी तथा सूखे पापड़ से उठा लाई। "ले खाले मेरी रानी।"

"मुझ पर रोज रोज यह सूखे ठर्रे पापड़ नहीं चबाये जाते। कुछ और दे दे माँ। भला यह देख कितने छोटे छोटे दाँत हैं और तू कहती है, ले खाले यह सूखे पापड़। आखिर क्या सारी दुनियाँ बस यहीं खाकर जीती है ?"

"कहाँ मेरी रानी", माता के अश्रु कपोलों पर लुढ़कने लगे।
"दुनियाँ यही खाकर जीती नहीं मरती है।"
"कहीं भी तो नहीं। देखा है तूने मुनियाँ, गच्चो, जगदीश और सोनियाँ को ? खूब सुन्दर जीते जागते हैं। जहाँ जहाँ मैं खेलने जाती हूँ सब मुझे जीते ही मिलते हैं मरा हुआ तो कोई नहीं मिलता।"
"नहीं बेटी हमारे नेत्रो पर एक झूठा आवरण पड़ा हुआ है जिससे हम मुर्दों को भी जीवित ही देखते हैं किन्तु वास्तव में ऐसा है नहीं। हम सत्य और असत्य को पहिचानने की शक्ति खो चुके हैं या शक्ति उपयोग में लाते लाते समाप्त प्राय हो गई है।" माता के अश्रु सूख चुके हैं। उसके नेत्रों में एक दैवी ज्योति आ गई थी जिससे उसे सब साफ और स्वच्छ दिखलाई दे रहा था।
और दस वर्षीया रानी ? वह तो बराबर माँ का मुख देखे जा रही थी। क्षण प्रतिक्षण उसके चेहरे के बदलते रंगों को देख रही थी। उसे भूख मानों बिसर सी गई थी।
"अब हम लोगों को सूखे अन्न में रस नहीं टटोलना पड़ेगा मेरी रानी।" रानी की बाछें खिल गई। "तो हम लोग अब क्या राजा हो जायेंगे ? हाँ माँ जैसे तू कहानी में सुनाती है वही वाली तू होगी रानी और मैं कौन ? हाँ याद आया।" उसने मुँह फुलाकर बड़े ऐंठ कर कहा 'और में हूँगी राजकुमारी रानी। और परन्तु ?" वह तनिक अटकी और गला साफ किया "हाँ कहानी वाला राजा कौन होगा माँ ?" माँ का मुख रक्त वर्ण हो उठा। वह करीह सी उठी। उसके नेत्र कहीं टिक से गये।
"अच्छा माँ तू मन मलिन मत कर मैं जगदीश को राजा बना लूंगी" वह मुस्कराने लगी। "वह तो राजा है ही बेटी मेरी। उसे तू क्या बना लेगी।" वह तुनुक गई। "बड़ा राजा है वह भंगी कहीं का। रोज ही तो मेरे साथ लड़ाई करता है मेरी चुटिया बाँध देता है। चुटकी काट कर भाग जाता है। बड़े आये राजा कहीं के। हाँ जरा सुन्दर अवश्य है, सजा दूंगी तो राजा जचने लगेगा।" माँ मुस्कराई।

"वह तेरा जगदीश है रानी और मेरा जगदीश तो समस्त संसार का स्वामी है।"
"तब तू अब तक क्यों सूखे बासी पापड़ों पर तथा इस टूटी फूटी झोपड़ी में गुजर करती रही माँ। राजा के पास क्यों न चली ?"
"हाँ बेटी, मैं सचमुच उसे भूल गई थी। आज तूने स्मरण दिलाया अब हम तुम दोनों चलेंगे अपने जगदीश के पास।" स्मृति में झटका लगते ही मानों हृदय में धक्का लगा जो उसकी जीर्ण देह को चीर कर मुख से 'हाय' शब्द के रूप में बह चला। अब उसे याद आने लगा।
एक टूटी सी जीर्ण झोपड़ी जिसमें सम्भव है वर्षा की एक बूंद को भी सहन करने की सामर्थ्य न रख सकने के कारण वर्षा से उसका आँगन व झोपड़ी एक हो उठते। तब दोनों माँ बेटी घास फूस एकत्रित करके झोपड़ी के ऊपर डाल डालकर उसे स्वस्थ बनाने का उपक्रम करतीं। हाँ, और उनके इस परिश्रम से घुटनों में सिर दे कर दीवार के सहारे टिक कर रात्रि व्यतीत करने एवं अपनी गृहस्थी की सम्पत्ति फूटा सा तवा, छोटी सी एक लुटिया एवं एक छिद्रो वाली छोटी सी थाली को संभाल कर रखने को सूखी जगह निकल आती। और कपड़े ? कहीं मुनियाँ की फटी फ्राकें और उस की माँ की एक आँध थिगरेदार धोती भी सूखी बच रहती।
कोई भी यह न जानता था कि भिखारिन के वेष में आज किसी कारण वश रानी रह रही थी। उससे स्मरण आया।
वह रानी की ही समवयस्का थी। बड़ी धूमधाम से उसका विवाह रचाया गया था। कैसी सजी सजाई गुड़िया की तरह वह लग रही थी। उसकी माँ बहिन तथा पड़ोसिनें भी ऐसा ही कह रही थीं, 'कैसी फूल सी सजी सजाई गुड़ियाँ है मेरी सोहनी।' ऐसे राजा के घर व्याह कर सोहनियाँ का भाग्य हँस उठा था और उसका तो सारा गृह ही जगमगा उठा था।

उसे स्मरण आया,

जब वह स्वामी (ईश्वर) के घर आई, राजा हर समय उसे पलकों पर ही बिठाये रखता।

और वह ? उसने तो मानों नेत्रों के ज्योति बिन्दु में राजा को ही जड़ लिया था। बड़ी हंसी खुशी भरा जीवन चल रहा था। अब उससे खेलने को रानी भी उसके पास थी उसे लाड़ लड़ाते वह थकती न थी। धीरे धीरे उसका आना जाना पास पड़ोस में बढ़ने लगा (इधर उधर बहकने लगी)। उसके नेत्रों की ज्योति केवल ज्योति रह गई। बहुत, सुन्दर, सौम्य थी ही दिन भर अब पड़ोसिनें भी घेरे रहती, और वह राजा की रानी भी तो थी उसे यह शब्द इतना प्रिय था कि उसने अपनी लाड़ली को यह नाम ही दे दिया था। किन्तु अचानक !

न जाने क्यों वह समझ भी न पाई, एक रात उसका जगदीश रूठ गया और न जाने कहाँ चला गया। वह मस्त सो रही थी। उसे दीन दुनिया की खबर न थी। वह तो दीन को विस्मृत कर दुनिया में बह गई थी। सम्भव है इसी कारण दुनिया के थपेड़ों का भी रसा-स्वादन करने के लिये राजा उसे छोड़कर न जाने किस बन में जा छुपा था।

प्रातः हुआ। सूर्य भगवान की सुनहरी किरणें मानो सोहनी का कंचन लूटने को उसके आँगन में पसर रहीं थीं। न जाने क्यों कुछ स्वप्न सा देखकर हड़बड़ा कर वह उठ बैठी। देखा स्वामी नहीं थे। बहुत ढुंढवाया किन्तु वे न मिले।

तबसे ?

आखिर धन कहाँ तक साथ देता। राजा चला गया तो राजत्व कहाँ तक रहता। धीरे धीरे एक एक कर घर की सामग्री, धन सब पेट की अग्नि-ज्वाला को शान्त करने में काम आने लगे। अन्त में एक दिन वह भी आया कि रानी के साथ उसे भिखारिन का वेष बनाना पड़ा। रूखा सूखा अन्न और फटे चीथड़ों में गुजर रही थी। ऐसी ही दशा में उस दिन झोपड़ी में सूखे पापड़ों के लिये झगड़ा

हो रहा था। किन्तु अब माँ को अपने जगदीश का स्मरण आया तो सारे चित्र एक एक कर नेत्रों के सामने से आ आ कर ओझल हो गये रह गया केवल जगदीश। उसे अपनी दरिद्रता भी विस्मृत सी हो गई। दोनों माँ बेटी साथ साथ झोपड़ी को त्याग कर अपने जगदीश की खोज में चल दीं। जो मिलता खा लेतीं। उन्हें सूखे, बासी की चिन्ता न थी जो गाँव मिलता उसी में रात्रि को वृक्ष के तने से टिक कर सो रहती। आगे आगे माँ पीछे पीछे रानी चली जा रही थी। पहले रानी माता का हाथ पकड़े आगे आगे चल रही थी किन्तु अब न जाने क्यों माँ ने रानी को अपने पीछे कर लिया था। उसके पगों में स्वयं गति आ रही थी। सम्पत्ति (अपनापन) पीछे छोड़ आई थी इसलिये बोझ था नहीं। कोई अपना था नहीं सिवा रानी के, और वह तो साथ ही थी इसलिये किसी की ममता डोरी से उसके पगों में गाँठ न लग सकी थी। फिर रुकती तो कैसे ! जगदीश की खोज थी !

इधर जगदीश का भी बुरा हाल था सोहनी की स्मृति उसके मष्तिष्क से विलग ही नहीं होने आती थी। उसकी रानी भी अब बड़ी हुई होगी। दोनों माँ बेटी न जाने किस दशा में होंगी। कौन उन्हें देखता संभालता होगा। इसी विचार में लवलीन जगदीश भी चला आ रहा था।

क्यों ?

सोहनी की खोज खबर लेने। उसे अपने साथ अपनी मिल्कियत में ले जाने। उसकी दशा देख पीछे से कोई साधु गा उठा:—

"मेरा राम मुझे भजे, तब पाऊँ विश्राम"

किंचित ठिठका, फिर चल दिया। और सोहनी ?

दिन भर चलती किन्तु उसे पता नहीं कि इस संसार में चल रही है या कहीं दूसरे संसार में भ्रमण कर रही है। राजा के स्मरण में लीन बेसुध सी चली जा रही थी। रानी जब कभी एकाध बात पूछती तो उत्तर दे देती। किन्तु अब रानी भी उसे अधिक परेशान न

करती क्यों कि वह भी समझदार हो चली थी। अचानक एक दिन एक स्थान पर रुक कर सोहनी मानों मार्ग से ही कुछ बातें करने लगी। रानी ने पूछा "माँ किससे बात कर रही है" तो मानों मार्ग ने ही उसे उत्तर दे दिया।

"दर दिवार दरपन भये, जित देखूँ तित तोय।
काँकर, पाथर ठींकरी, भये आरसी मोय॥"

एक दिन प्यास अधिक लगने पर रानी के साथ एक पनघट पर जाकर खड़ी हो गई। किसी ने पानी पिला दिया। एक ने कहा "कुछ उन्मादिनी सी है" किसी ने एक शेर सुनाई कि "अपने सिजदे के सिवा गैर का सिजदा है हराम"। वह चल दी। रानी भी बराबर साथ दिये जा रही थी। एकाएक सोहनी एक स्थान पर ठिठक कर खड़ी हो गई। लाज से उसके नेत्र ऊपर न उठते थे। रानी ने देखा तो सामने कोई खड़ा था। फिर दो हाथ आगे बढ़े, और सोहनी को अपनी ओर खींच लिया। एक क्षण सावधान होकर सोहनी ने रानी की ओर देखा। किन्तु यह क्या? उसके हाथों में थी वह स्वयं और चरणों पर थी उनकी रानी। वह गद्‌गद् हो उठी कि पीछे से कोई बोल उठा:—

"सुबह का भूला शाम को आ जाये तो?" उत्तर स्वयं जगदीश ने दिया—"भूला नहीं कहाता।"

'रानी' से तात्पर्य 'बुद्धि'। 'सोहनी' (रानी की माता) से तात्पर्य 'सुरत'। जगदीश से तात्पर्य 'ईश्वर'। जब तक 'सुरत' जागती नहीं, तब तक वह और 'बुद्धि' रानी होते हुये भी भिखारिन ही है।

GURU SANDESH

(Master's Message)

(Shri Ram Chandra Ji. President S. R. C. Mission)
(~~Translated from Hindi by Shri~~ Raghavendra Rao)

